<u>समाचार</u>

# कैफेटेरिया कम पार्किंग एवं रिवर व्यू गार्डन का लोकार्पण करेंगे राजस्व मंत्री

## (विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्डन में 05 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे रखा गया कार्यक्रम)

कोरबा 04 नवम्बर 2019–प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 05 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्डन में 162 लाख रूपये की लागत से निर्मित कैफेटेरिया कम पार्किंग तथा दर्री बराज के पास 193 लाख रूपये की लागत से निर्मित रिवर व्यू गार्डन का लोकार्पण करेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी तथा निगम के सभापति धुरपाल सिंह कंवर, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण एवं पार्षदगण लोकार्पण कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। लोकार्पण का यह कार्यक्रम विवेकानंद उद्यान अप्पू गार्डन में प्रातः 11.30 बजे रखा गया है, निगम द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे लोकार्पण कार्यक्रम में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करें।

<u>नया ट्रांसपोर्टनगर का करेंगे भूमिपूजन</u>– बरबसपुर में 37 करोड़ 45 लाख रूपये की लागत से बनने वाले नए ट्रांसपोर्टनगर के निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल द्वारा की जाएगी, भूमिपूजन का कार्यक्रम बरबसपुर में प्रातः 10.30 बजे रखा गया है।